:

प्रेस नोट दिनांक 23.09.2023

थाना बिथरी चैनपुर बरेली।

थाना बिथरी चैनपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 86/2023 धारा 147/384/506/201/120बी/411/195ए/34 भादवि0 7/8/13 भ्रष्टाचार अधि0 धारा 42बी/54 कारागार अधि0 तथा धारा 07 सीएलए एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कया गया।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली द्वारा अपराध की रोकथाम व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी नगर तृतीय बरेली के पर्यवेक्षण में थाना बिथरी चैनपुर बरेली पुलिस एवं थाना खुल्दाबाद प्रयागराज पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अभियुक्त के मस्कन पर दविश देकर मुखबिर की सूचना पर दिनांक 22.09.2023 को थाना बिथरी चैनपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 86/23 से सम्बन्धित अभियुक्त आतिन जफर पुत्र जफरुल्ला निवासी 94 मोहल्ला खुल्दाबाद थाना खुल्दाबाद जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया कि मेरे पिताजी जफरूल्ला के घरेलू सम्बन्ध सांसद अतीक अहमद से थे क्योकि मेरे पिताजी ही अतीक अहमद को बोलने के लिये स्पीच बनाकर देते थे। अतीक अहमद द्वारा मोहित जयसवाल के साथ की गई घटना के मामले में मेरे पिताजी थाना कृष्णानगर लखनऊ के मु0अ0सं0 810/18 में लखनऊ सेन्टर जेल में बन्द है पिताजी के जेल में बन्द होने के दौरान मेरा अतीक अहमद के पुत्र असद के घर अच्छा आना जाना था व दोस्ती थी क्योकि पिताजी के केस में यही लोग पैसे भी खर्च करते थे मेलजोल की वजह से मैं अशरफ को भी जानता था अशरफ वाकर्स कम्पनी के महंगे बिस्कुट खाते थे। लखनऊ के लूलू मॉल से यह बिस्कुट खरीदकर व अन्य जरूरत का सामान जेल बरेली में निरुद्ध अशरफ को देने के लिये दिनांक 9/10.02.2023 को मैं अशद व इरफान के साथ बरेली आया था क्योकि सद्दाम बरेली में ही किराये पर रहता था इसके घर पर इसका काम काज देखने वाला एक लडका रहता था जिसका नाम मैं नही जानता फिर बरेली में हमें यह लडका तथा लल्ला गद्दी भी मिले थे, लल्ला गद्दी से बातचीत करने के बाद मैं असद व इरफान तथा वह लडका असरफ से मिलने जेल बरेली पर गये थे और हमें शिवहरी नाम के जेल के सिपाही द्वारा जेल के अन्दर अशरफ से मिलवाया था और फिर शिवहरी मुलाकात के बाद जेल के बाहर गाडी तक छोडने आया था शिवहरी को इस काम के लिये असद ने कुछ रुपये भी दिये थे। जब हमारी जेल में अशरफ से मुलाकात हो रही थी तो उस समय अशरफ ने असद के साथ उमेशपाल को लेकर भी कुछ गहरी बात करी थी। साहब इन लोगों के साथ रहने से मुझे फाइनेंशियल काफी फायदा भी होता था और मेरा इलाहाबाद में नाम भी चमकता था तथा असद का एचडीएफसी बैंक का एटीएम भी मेरे पास रहता था और इसी एटीएम के जरिये मै इधर उधर के खर्चो की पूर्ति करता था। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुये माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त का नाम पताः- आतिन जफर उम्र करीब 19 वर्ष पुत्र जफरुल्ला निवासी 94 मोहल्ला खुल्दाबाद थाना खुल्दाबाद जिला प्रयागराज।

<u>आपरधिक इतिहास अभियुक्त आतिन जफरः-</u>

1.मु0अ0सं0 86/23 धारा 147/384/506/201/120बी/195ए/34 भा0द0वि0 व 8/13 पीसी एक्ट व 7 सीएलए एक्ट व 42बी कारागार अधि0

2.मु0अ0सं0 219/23 धारा 216 आईपीसी थाना धूमलगंज इलाहाबाद

<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>

1.उ0नि0 अशोक कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

2.उ0नि0 भूपेन्द्र सिंह थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

3.हे0का0 761 राजीव कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

4.का0 2561 प्रदीप कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।